भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली – 110001
फोन नं. : 23005700; **फैक्स** : 23005787

दिनांक : 02 जनवरी, 2014

प्रेस विज्ञप्ति

श्री हरदीप सिंह पुरी आज भाजपा में शामिल हो गए। श्री पुरी 1974 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल हुए थे। अपने 39 वर्ष के शानदार करियर के दौरान, वे विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय में अनेक वरिष्ठ पदों पर रहे। लंदन और ब्रासीलिया में उन्होंने राजदूत के स्तर का कार्यभार संभाला। जिनीवा और न्यूयॉर्क में वह संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि रहे।

2011 और 2012 के दौरान, स्थायी प्रतिनिधि के रुप में उन्होंने सुरक्षा परिषद में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। उन्होंने इसकी आतंकवाद निरोधक समिति की भी अध्यक्षता की।

भाजपा में उनका स्वागत करते हुए पार्टी अध्यक्ष श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि विदेश, सुरक्षा और व्यापार नीतियों के क्षेत्र में उनके अनुभव का भाजपा लाभ उठाएगी।

श्री पुरी ने कहा कि पार्टी में औपचारिक रुप से शामिल होने पर उन्हें बेहद खुशी हुई है क्योंकि पार्टी की राष्ट्रवाद की मजबूत भावना के वह काफी लंबे समय से प्रशंसक रहे हैं। वह पार्टी का काम करने के लिए तैयार हैं। पार्टी अध्यक्ष और अन्य वरिष्ठ नेतृत्व को जिस भी तरीके से उनकी जरुरत पड़ेगी, वह हमेशा तैयार रहेंगे।

(इंजी. अरुण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव